संख्या–cm-332
28/06/2020

लगातार हो रही वर्षा के कारण नदियों के जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

- पूरी नजर रखें, विशेष सावधानी एवं सतर्कता बनाये रखें :– मुख्यमंत्री

पटना, 28 जून 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में लगातार हो रही वर्षा के कारण नदियों के जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजीव हंस ने महानंदा, कोसी, कमला, बागमती, गंडक नदियों के जलस्तर में वृद्धि एवं पिछले 24 घंटे में हुई वर्षापात की स्थिति के बारे में जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों से हो रही वर्षा के कारण नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। नदियों के जलग्रहण क्षेत्र पर विशेष नजर रखें। इसके साथ ही सभी तटबंधों की सुरक्षा के प्रति विशेष सावधानी एवं सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बाढ़ की स्थिति में जिन–जिन स्थानों पर ज्यादा परेशानी हुई थी वहां पर विशेष चौकसी बरतें। बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए एस0ओ0पी0 के अनुसार एक–एक चीज की तैयारी पूर्ण रखें ताकि ऐसी परिस्थिति आने पर लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, सचिव जल संसाधन श्री संजीव कुमार हंस, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार सहित जल संसाधन विभाग के अन्य वरीय अभियंता उपस्थित थे।

******